# प्रेस विज्ञप्ति

# महोबा पुलिस

दिनांक – 15.11.2022

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व / निर्देशन पर प्रतिदिन की भांति जनपदीय पुलिस के समस्त कार्यालयों/थानों में जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया गया निस्तारित-

आज दिनांक 15.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।





# महोबा पुलिस




## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा का किया गया निरीक्षण, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश-

आज दिनांक 15.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक मंगलवार परेड का निरीक्षण किया गया, परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया व पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवहन शाखा का निरीक्षण कर सम्बन्धित अभिलेखों को चेक किया गया तथा वाहनों को दुरुस्त रखने के साथ साफ-सफाई के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिस लाइन अवस्थित सभी शाखाओं का भ्रमण कर समस्त अभिलेखों को चेक किया गया व आवश्यक निर्देश दिये गये।

इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह व प्रभारी परिवहन शाखा सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे वाछिंत/वारण्टी अभियुक्तों की गिररफ्तारी अभियान के तहत थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक श्री जय प्रकाश उपाध्याय द्वारा गठित टीम उ0नि0 कम्बोद सिंह मय हमराह का0 राहुल कुमार के द्वारा विशेष वाद संख्या 600153/2012 मु.अ.स 731/11 धारा 326/324/504/506 भादवि न्यायालय श्रीमान एसीजेएम महोबा से सम्बन्धित वारन्टी अभि0 छत्रपाल पुत्र मोतीलाल लोधी उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम नगाराघाट कस्बा व थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को ग्राम नगाराघाट से हिरासत पुलिस में लिया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 कम्बोद सिंह थाना पनवाड़ी जिला महोबा।
2. का0 राहुल कुमार थाना पनवाड़ी जिला महोबा।

## गिरफ्तार अभियुक्त-

छत्रपाल पुत्र मोतीलाल लोधी उम्र करीब 50 वर्ष ग्राम नगाराघाट कस्बा व थाना पनवाड़ी जनपद महोबा



# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर परखी गयी यातायात व्यवस्था,

### वाहन चालकों से संवाद स्थापित कर यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक

आज दिनांक 15.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा यातायात सुगम बनाने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने, शहर क्षेत्र में जहां ट्रैफिक अधिक रहता है वहां वन-वे व्यवस्था लागू करने के प्रयासों के दृष्टिगत शहर क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर शहर की यातायात व्यवस्था को परखा गया, शहर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए आमजन में सुरक्षा का अहसास भी कराया गया एवं लोगो से जनसहयोग की अपील की गयी व अवैध अतिक्रमण के दृष्टिगत यातायात समस्या को देखते हुए दुकानदारों से संवाद स्थापित कर आवश्यक निर्देश देते हुए अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये, जिससे सड़को पर जाम न लगे एवं आमजन को कोई समस्या न उत्पन्न हो।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0 के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी यातायात/नगर श्री रामप्रवेश राय, प्रभारी यातायात श्री शिवपाल सिंह के साथ शहर क्षेत्र में यातायात जागरुकता पम्पलेट को वितरित कर आम जनमानस को यातायात के प्रति जागरूक किया गया तथा भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर को चस्पा कर लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जागरुक करने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ नियमित रुप से हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट के प्रयोग हेतु प्रेरित करने की अपील की गयी।



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 15.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे वाछिंत/वारण्टी अभियुक्तों की गिररफ्तारी अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक श्री बलराम सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 मलखान सिंह द्वारा तलाश वांछित/वारण्टी, चेकिंग संदिग्ध/व्यक्ति के दौरान 01 नफर वांछित अभियुक्त सम्बन्धित मु.अ.सं. 521/22 धारा 323/506/376 भादवि व 3(1)द,ध/3(2)5क/3(2)5 एससीएसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त नौशाद पुत्र स्व. रमजान उम्र 50 वर्ष निवासी मुहल्ला मिल्कीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को हमीरपुर चुंगी के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

नौशाद पुत्र स्व. रमजान उम्र 50 वर्ष निवासी मुहल्ला मिल्कीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री मलखान सिंह चौकी भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जिला महोबा

2. हे0कां0 सुरेश कुमार



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 15.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में कानून एंव शाति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक **15.11.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह द्वारा कानून एंव शांति व्यवस्था के दृष्टिगत आमजन से संवाद स्थापित कर कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी। स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर 165 वाहनो के ई-चालान किये गये।



महोबा पुलिस